सत्यमेव जयते

# न्यायालय
# सहायक कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी
## गुढामालानी—बाडमेर
**(पीठासीन अधिकारी —केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)**

प्रार्थना पत्र सं.:— 2023 / 347(193 / 23) दर्ज तिथिः—03.10.2023

1. मंगलाराम पुत्र वरींगाराम
2. किशनाराम पुत्र वरींगाराम
3. बुधाराम पुत्र वरींगाराम
4. वगतू पत्नी वरींगाराम

जाति विश्नोई निवासी अणदाणियों की बेरी तहसील नौखडा जिला बाड़मेर।

— प्रार्थीगण

**बनाम**

1. तिलोकाराम पुत्र राणाराम
2. सवाईराम पुत्र राणाराम
3. शान्तिदेवी पत्नी राणाराम
4. पीरा पुत्र मोती
5. बाबू पुत्र काना
6. मिसरा पुत्र मोती जाति सुथार निवासी लाला की बेरी
7. अना पुत्र हिमताराम
8. घमाराम पुत्र हराराम
9. देवाराम पुत्र केहराराम
10. नवलीदेवी पुत्री केशाराम
11. निम्बाराम पुत्र केहराराम
12. पदमीदेवी पुत्री केसाराम
13. फरसाराम पुत्र लुम्भाराम
14. मगीदेवी पत्नी हराराम
15. रूखमोदेवी पत्नी केसाराम
16. सुरा पुत्र हिमताराम जाति जाट निवासी सियोलों की बेरी
17. अर्जुनराम पुत्र कलाराम
18. उमाराम पुत्र कलाराम
19. धनाराम पुत्र कलाराम जाति नाई निवासी लाला की बेरी
20. गंगाराम पुत्र नारणाराम
21. कुनणीदेवी पत्नी लालाराम
22. केसा पुत्र रामजी
23. प्रकाशराम पुत्र लालाराम

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.06.11 10:19:33 IST
Reason: SelfAttested

24. मगाराम पुत्र लालाराम
25. सोहनलाल पुत्र लालाराम
26. भगवानाराम पुत्र मानाराम
27. भागीरथ पुत्र मानाराम जाति विश्नोई निवासी अणदाणियों की बेरी
28. भाखराराम पुत्र रामजी कौम विश्नोई निवासी बाण्ड
29. खेताराम पुत्र प्रहलादराम
जाति सुथार निवासी बाण्ड तहसील नौखडा जिला बाड़मेर।

......................असल अप्रार्थीगण

30. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार नौखडा।

..............तरतीबी अप्रार्थी

उपस्थित अधिवक्ता
प्रार्थीगणः– श्री चिमनसिंह चौधरी।
अप्रार्थीगणः– एकतरफा

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–128
राजस्थान भू–राजस्व अधि–1956

**–:निर्णयः–**

निर्णय तिथिः–10.06.2024

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–128 राजस्थान भू–राजस्व अधि–1956 वास्ते निर्णय हेतु पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थीगण की हाल आराजी खसरा संख्या 425/396/3.8850 है0, वाके ग्राम लाला की बेरी एवं खसरा संख्या 140/2/2.5981 है0 वाके ग्राम बाण्ड तहसील नौखडा जिला बाड़मेर में स्थित है। उक्त वर्णित आराजी प्रार्थीगण की कब्जेकाश्त खातेदारी की आराजी है एवं आराजी पर प्रार्थीगण काबिज रहकर बिना किसी बाधा वो रूकावट के काश्त करते चले आ रहे है। उक्त खातेदारी आराजी से अप्रार्थीगण का कोई हक संबंध किसी प्रकार का नहीं है। अप्रार्थीगण प्रार्थीगण की आराजी के कार्यकाश्त में बाधा डालते हैं। उक्त आराजी का मौके पर सीमांकन नहीं होने से प्रार्थीगण द्वारा सीमांकन कराए जाने बाबत तहसीलदार नौखडा के यहां प्रार्थना–पत्र पेश किया जिस पर तहसीलदार नौखडा द्वारा दिनांक 10.04.2023 को मौके पर उपस्थित होकर उक्त आराजी का सीमांकन कराकर निशानदेही कराई गई। परन्तु अप्रार्थीगण पैमाईश को नहीं मान रहे है तथा प्रार्थीगण की आराजी को अपनी आराजी में मिलाना चाहते है। अब प्रार्थीगण मुताबिक पैमाइश रिपोर्ट दिनांक 10.04.2023 के आधार पर आराजी की पत्थरगढ़ी कराना चाहते है। अंत में प्रार्थना–पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी उक्त की पत्थरगढ़ी मुताबिक पैमाइश के अनुसार कराए जाने के आदेश जारी करने का निवेदन किया गया।

2. प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया एवं अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थीगण बावजूद विधिवत तामील अनुपस्थित होने के कारण उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गयी। प्र[illegible] तहसीलदार नौखडा को पत्र क्रमांक कोर्ट/2024/224 दिनांक 11.03.2024 द्वारा [illegible] विस्तृत तथ्यात्मक रिपोर्ट निर्धारित

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.06.11 10:19:33 IST
Reason: SelfAttested

चैकलिस्ट में तैयार करने हेतु लिखा गया। जिसकी पालना में पटवार हल्का बाण्ड ने दिनांक 26.03.2024 को मौके पर जाकर निर्धारित चैकलिस्ट में बिन्दुवार विस्तृत तथ्यात्मक तैयार कर न्यायालय हाजा में प्रस्तुत की।

3. न्यायालय द्वारा विद्वान अधिवक्तागण की बहस सुनी गई। दौराने बहस प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना—पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी की मुताबिक पैमाइश दिनांक 10.04.2023 के अनुसार पत्थरगढ़ी के आदेश जारी करने का निवेदन किया है।

4. मैंने बहस प्रार्थी अधिवक्ता पर मनन किया। प्रकरण में सर्वप्रथम राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—111 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः—

> ***111. Decision of disputes as to boundaries****.—(1) In case of any dispute concerning any boundaries the Land Records Officer shall decide such dispute, so far as possible, on the basis of the existing survey maps and, where this is not possible or such maps are not available, on the basis of actual possession.*
>
> *(2) If, in the course of an inquiry into a dispute under this section the Land Records Officer is unable to satisfy himself as to which party is in the possession or it if is shown that possession has been obtained by wrongful dispossession of the lawful occupants within a period of three months previous to the commencement of the inquiry, the Land Records Officer shall ascertain by summary inquiry who is the party best entitled to possession and shall then fix the boundary accordingly.*

5. राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—111 के अनुसार खसरों की सीमाओं के विवाद को हाल राजस्व नक्शे के अनुसार तथा हाल राजस्व नक्शे के उपलब्ध न होने पर वास्तविक कब्जे के आधार पर निस्तारित किये जाने के प्रावधान बनाये गये है। खसरों की सीमाओं के विवाद को निस्तारित करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 के तहत प्रावधान बनाये गये है। अतः प्रकरण में साथ ही राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः—

> ***128. Boundary disputes.*** *- All disputes concerning boundaries shall be decided by the Land Record Officer in the manner laid down in section 111:*
>
> ***Provided that*** *applications in relation to boundaries of fields may be made to and disposed of by the Tehsildar in cases where there exists no dispute as to such boundaries but on account of the absence of proper boundary marks there is the likelihood of such a dispute arising.*

6. उक्त विधिक प्रावधानों के संदर्भ में पत्रावली पर संलग्न दस्तावेजात् जमाबंदी संवत् 2076—7, 2075—78 वाकै ग्राम लाला की बेरी व बाण्ड में [illegible] इन्द्राज एवं तहसीलदार नौखडा द्वारा किये गये सीमांकन रिपोर्ट का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। बाद अवलोकन पाया गया कि पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड में ग्राम लाला की बेरी व बाण्ड के अंकित इन्द्राज के

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.06.11 10:19:33 IST
Reason: SelfAttested

अनुसार उक्त आराजी प्रार्थीगण की सालिम खातेदारी की आराजी होना साबित है। साथ ही संलग्न रिपोर्ट पैमाइश दिनांक 10.04.2023 से भी यह तथ्य प्रार्थीगण साबित है कि प्रार्थीगण द्वारा तहसीलदार नौखडा के माध्यम से हल्का पटवारी से युक्त वर्णित आराजी की पैमाइश कराई जा चुकी है। सीमाज्ञान रिपोर्ट में पटवारी हल्का द्वारा मौके पर आराजी खसरा नम्बर 425/396, 140/2 को मुस्तकिल बिन्दु मानकर सीमाज्ञान किया। मौके पर प्रार्थीगण को सीमाचिह्न बताकर प्रार्थीगण को संतुष्ट किया गया है। तहसीलदार रिपोर्ट के अनुसार उक्त वर्णित आराजी की खसरे की सीमाओं को लेकर अप्रार्थीगण के साथ सीमा विवाद है। इस प्रकार प्रार्थीगण की अपनी कब्जेशुदा खातेदारी आराजी की सुरक्षा तथा सीमा विवाद के निस्तारण हेतु पत्थरगढ़ी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर आदेश जारी किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

आदेश है कि

**प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण अंतर्गत धारा—128 भू—राजस्व अधिनियम—1956 के बाबत् पत्थरगढ़ी किये जाने का स्वीकार किया जाता है। हाल आराजी खसरा संख्या 425/396/3.8850 है0, वाके ग्राम लाला की बेरी एवं खसरा संख्या 140/2/2.5981 है0 वाके ग्राम बाण्ड तहसील नौखडा जिला बाड़मेर पर प्रार्थीगण एवं संबंधित पक्षकारों/हितधारकों की पूर्व सूचित उपस्थिति में खातेदारी आराजी पर पत्थरगढ़ी किये जाने के आदेश तहसीलदार नौखडा को दिये जाते हैं एवं साथ ही निर्देश दिये जाते हैं कि अप्रार्थीगण को मौके पर उपस्थित रहने बाबत जरिये नोटिस पूर्वसूचित करते हुए पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट न्यायालय को अवगत करायें। पक्षकार अपना—अपना खर्चा स्वयं वहन करेंगे।**

आदेश प्रति पालनार्थ हेतु तहसीलदार नौखडा को भिजवाई जावें। अहकाम पृथक से जारी किया जावे।

यह आदेश मेरे द्वारा आज दिनांक 10.06.2024 को लिखवाया जाकर सरे—इजलास सुनाया जाकर हस्ताक्षर व मोहर युक्त जारी किया गया।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
गुढामालानी (बाड़मेर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.06.11 10:19:33 IST
Reason: SelfAttested